रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2024/ 2121 जबलपुर दिनांक 13/11/2024

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि बी.ए./बी.काम./बी.एससी. द्वितीय वर्ष (NEP) नई शिक्षा नीति मार्च–अप्रेल, 2024 में सम्मिलित विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा अगस्त–2024 के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि शुल्क विवरण के साथ निम्नानुसार घोषित किया जाता है:–

तिथियां :–

आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	16.11.2024 से 23.11.2024 तक
विलंब शुल्क 100/– के साथ	26.11.2024 तक
विलंब शुल्क 750/– के साथ	28.11.2024 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरण:–	पूरक छात्र
1. बी.ए. पूरक द्वितीय वर्ष	1530/–
2. बी.काम. पूरक द्वितीय वर्ष	1530/–
3. बी.एससी. पूरक द्वितीय वर्ष	1650/–

1. महाविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 250/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 120/– रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जमा करायेंगे।
2. विद्यार्थी अपने आनलाईन आवेदन प्रदत्त अनुक्रमांक (Roll No.) के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ महाविद्यालय में जमा करें।
3. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approvel) करेंगे सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 30 नवम्बर, 2024 तक आवश्यक रूप से संबंधित कार्य सहायकों के पास जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् 100/– विलंब शुल्क देय होगा ।

प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

1. विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Portal**) पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।
2. रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक 13/11/24
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2024/2121"अ" जबलपुर दिनांक 13/11/24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :–

1. प्राचार्य समस्त संबंद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक, रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
3. वित्त नियंत्रक, रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
4. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा0दु0वि0वि0, जबलपुर ।
5. प्रभारी नोडल अधिकारी नोडल सेंटर, एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय बेवसाईट पर अपलोड करे।
7. सुदृढ कक्ष/विश्वविद्यालय प्रेस/समस्त कार्यसहायक(परीक्षा) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
8. माननीय कुलगुरू जी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर